तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

12 कोंडागांव के आरोग्य मंदिरों में मनाया जा रहा दाई-बाबा दिवस



13 राज्य सरकार ने लोगों को भोजन की चिंता से किया ...





## खबर संक्षेप



### ईशिका की आंखों को मिली रोशनी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले को मोतियाबिंद मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए दिए गए कलेक्टर द्वारा निर्देश और सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक के आदेश पर तोकापाल ब्लॉक से एक प्रकरण समेत 11 मोतियाबिंद का ऑपरेशन महारानी अस्पताल में किया गया। जिनकी आज ड्रेसिंग उपरांत छुट्टी की गई। ऑपरेशन की विशेष उपलब्धि रही कि तोकापाल ब्लॉक से 6 वर्षीय बेबी इशिका की बायीं आंख का ऑपरेशन किया जाना रहा। ईशिका तोकापाल ब्लॉक के मावली भाटा ग्राम की बाकटी पारा की निवासी हैं और जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित थी। ऑपरेशन क्षेत्र में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी लक्ष्मण बघेल के प्रयास से संभव हुआ। प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ महारानी अस्पताल जगदलपुर की डॉ. सरिता थॉमस सहायक नोडल अधिकारी फिरोज खान और उनके सहयोगी के रूप में हनुमंत राव, गुनेश्वर सिन्हा, रवि बिसवाल, कुंजर देवांगन, गरिमा मरई, लोकेश चक्रवर्ती, दिव्या पांडे, कविता पांडे, गायत्री कामडी सभी नेत्र सहायक अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आज

**जगदलपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता एवं स्थानीय सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 5 जून की सुबह 8 बजे तीरथगढ़ जलप्रपात में किया जाएगा। ईडीसी सदस्यों, जिप्सी संचालन समिति, समस्त वनकर्मियों, मैदानी कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्था, समस्त ग्रामवासी एवं मीडिया कर्मियों के साथ संवाद में समूह चर्चा की जाएगी। इसके अलावा स्वच्छता अभियान में जलप्रपात क्षेत्र की सफाई की जाएगी। उक्त बातें कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने दी।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित नियंत्रण अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके तहत जागेश्वर कौशल संयुक्त कलेक्टर को जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, लक्ष्मण राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, अंकित सिंह राजपुत प्रभारी तहसीलदार उसूर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर एवं सूर्यकांत धरत प्रभारी तहसीलदार कुटरू को तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वीर सावरकर वार्ड और भगत सिंह वार्ड में 2 माह से स्ट्रीट लाइट बंद



**जगदलपुर।** शहर के वीर सावरकर वार्ड के पूर्व पार्षद गजेंद्र साहू ने बताया कि विगत 2 माह से अधिक दिनों से वीर सावरकर वार्ड एवं भगत सिंह वार्ड में स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिससे वार्ड की जनता को रात के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार बोले जाने के बावजूद सुधार नहीं हो रहा है।

# बस्तर के पर्यटन स्थलों पर प्रतिबंधित किया जाए प्लास्टिक

## विश्व पर्यावरण दिवस पर इन्द्रावती बचाओ आंदोलन ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के पर्यटन स्थल पट रहे प्लास्टिक से इंद्रावती बचाओ अभियान ने पर्यावरण दिवस पर किया जनजागरण, प्रशासन से मांग बस्तर के पर्यटन स्थलों पर प्रतिबंधित हो प्लास्टिक। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक जून से 4 जून को बस्तर के जलप्रपातों पर जिसमें चित्रकूट तीरथगढ़ कांकेर धारा, मेंद्री घूमर चित्रधारा मिचनार जाकर पॉलिथीन छोटी प्लास्टिक बोतल व अन्य प्लास्टिक के समान निकाल कर सफाई की गई।

सभी जलप्रपातों के पास पंचायत के नाका है। वन विभाग के कार्यालय और गेस्ट हाउस है। वहां से कर की वसूली भी की जा रही है। कुछ पंचायत के लोग प्लास्टिक को संग्रहित कर भी रहे तो रिसाइक्लिंग की कोई व्यवस्था न होने से कचरा जलाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे कि वायु प्रदूषण भी हो रहा है। क्योंकि पंचायत एवं वन विभाग के पास इन प्लास्टिकों का निपटान करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

ज्यादातर प्लास्टिक की बोतल जिन में पानी सर्वाधिक में पाई जा रही है जिसकी वजह से प्रदूषण हो रहा है। अगर उसे स्थान पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर दी जाए तो पर्यटक कम से कम प्लास्टिक बोतलों का उपयोग करेंगे। जिस की प्लास्टिक प्रदूषण कम होगा। बस्तर ▶▶| शेष पेज 12 पर



### वन्यजीवो को लेकर बहुत अधिक सतर्कता की जरुरत

विदित है कि बस्तर के पर्यटन स्थलों के साथ ही यहां के वन्य तथा वन्यजीवों को लेकर बहुत अधिक सतर्कता की जरुरत है जिसे देखते हुए यह कार्य किया जा रहा है। इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने बताया कि न केवल प्लास्टिक मुक्त इस क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को करने का उद्देश्य है, बल्कि इसके माध्यम से वन्य जीवन विशेष कर जैव विविधता के संरक्षण को भी बनाए और बचाए रखना है।

## शराब दुकान खुलने से असामाजिक गतिविधियां बढ़ने की आशंका

# बस स्टैंड में प्रीमियम शराब दुकान खोलने का विरोध, कांग्रेस ने आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिविल लाइन वार्ड की पार्षद संध्या महंती मरकाम सहित समस्त कांग्रेस पार्षद दल व पदाधिकारियों ने सिविल लाइन वार्ड स्थित पुराने बस स्टैंड में प्रीमियम शराब दुकान नहीं खोलने को लेकर तहसीलदार व नगर निगम कार्यपालन अभियंता को मांगपत्र सौपा। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर कांग्रेसियों ने मोर्चा खोला है।

- कांग्रेस ने तहसीलदार व ईई को सौंपा मांगपत्र

श्री मौर्य ने कहा यह स्थान सार्वजनिक आवागमन और परिवारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। शराब दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ बढ़ने की आशंका है। बच्चों और महिलाओं के लिए यह क्षेत्र असुरक्षित हो जाएगा, स्थानीय निवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सिविल लाइन वार्ड स्थित पुराने बस स्टैंड में प्रीमियम शराब दुकान खोलने की योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना ही न्यायोचित होगा। कृपया उक्त दुकान को शहर से बाहर खोलने के निर्देश देकर वार्डवासियों व आवाजाही में होने वाली परेशानी ▶▶| शेष पेज 12 पर



### वार्ड पार्षद ने की आपत्ति

*सिविल लाइन वार्ड पार्षद संध्या महंती मरकाम ने बताया कि पुराने बस स्टैंड परिसर में प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने की योजना की जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में हम स्थानीय नागरिकगण अपनी गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हैं। उक्त स्थान एक रिहायशी क्षेत्र के नजदीक है, जहां स्कूल,धार्मिक स्थल,अस्पताल और आवासीय कॉलोनियां स्थित हैं। उक्त स्थल से 50 कदम पर विधायक निवास एवं सांसद निवास तथा शासकीय कार्यालय बैंक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय,पुलिस थाना भी मौजूद है। बहुत ही भीड़भाड़ वाला स्थल है जहां सामान्य समय में भी ट्रैफिक की परेशानी उत्पन्न होते रहती है। यहां शराब दुकान खुलने से न केवल सामाजिक वातावरण दूषित होगा, बल्कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा और सुविधा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।*

### कोतवाली थाना के सामने शराब दुकान जनभावनाओं के विरुद्ध



- प्रस्तावित शराब की दुकान को रिहायशी व धार्मिक स्थल से दूर ले जाए

शहर के कोतवाली थाना के ठीक सामने स्थित नगरपालिक निगम के व्यावसायिक कॉम्पलेक्स में स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रस्तावित शराब की दुकान संचालित करने की योजना को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने हिन्दू और जैन समुदाय की धार्मिक भावनाओं एवं महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा की दृष्टि व जनमानस की भावनाओं को मद्देनजर रखते हुए प्रशासन को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और प्रस्तावित शराब की दुकान को रिहायशी व धार्मिक स्थल से कहीं दूर शहर से बाहर अन्यत्र संचालित करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि,पिछले दिनों शहर के गणमान्य नागरिकों व स्थानीय व्यवसायियों ने पूर्व विधायक बाफना को अवगत कराया था कि, कोतवाली थाना के ठीक सामने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में शराब की दुकान खोला जाना प्रस्तावित है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में चिंता है कि, प्रशासन के इस फैसले से इलाके में अपराध बढ़ेगा व क्षेत्र की शांति भी भंग होगी। जनता की मांग पर पूर्व विधायक बाफना ने अपना विरोध जताते हुए कहा है कि, रिहायशी इलाके में शराब की दुकान खोलने का स्थानीय प्रशासन का निर्णय नियमों के खिलाफ है जबकि नियमानुसार किसी भी शराब की दुकान को रिहायशी, धार्मिक जैसे स्थलों से उचित दूरी पर होना चाहिए, लेकिन प्रस्तावित दुकान से महज 100 मीटर की दूरी पर श्री जैन श्वेताम्बर मंदिर एवं कोतवाली थाना के ठीक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कॉलेज जाने दोस्त के साथ निकली युवती ने खाया जहर उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर निवासी युवती ने कॉलेज जाने की बात घर पर कहकर अपने दोस्त के साथ जगदलपुर पहुंची फिर जहर सेवन कर लिया। जहर खाने से गंभीर युवती को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के बारसूर निवासी एक युवती ने जगदलपुर पहुंचकर जहर सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परपा थाना प्रभारी ने बताया कि आईआईटी दंतेवाड़ा में कोपा विभाग की छात्रा ने परिजनों को कॉलेज जाने की बात कहकर अपने पुरुष दोस्त के साथ बाइक से जगदलपुर आई हुई थी। इसी दौरान किसी कारणवश उसने बैग में रखे जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसके दोस्त ने उसे मेकाज में भर्ती कराया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही दोनों अस्पताल से फरार हो गए। घर पहुंचने पर युवती ने जहर खाने की बात परिजनों से छिपाई। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल ले जाया ▶▶| शेष पेज 12 पर

- दंतेवाड़ा जिले के बारसूर से पहुंची थी जगदलपुर

### परिजन को जानकारी नहीं

परिजनों का ने बताया कि उसने जहर क्यों खाया, बैग में जहर क्यों रखा था और कॉलेज के बहाने जगदलपुर क्यों गई इसकी कोई जानकारी उन्हे नहीं है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में चोरी, पति पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दम्पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा मेकाज में उपचार के लिए आने वालों को निशाना बनाया जाता था जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

- आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम व पर्स बरामद

जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में इलाज के लिए आये लोगों के रुपए चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ परपा पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग, एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी परपा निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में इलाज के लिए आए लोगों का मोबाइल व रुपए चोरी होने की लगातार शिकायत मिल रही थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए 3 जून को प्रार्थी अकिल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2 जून को वह अपनी बाइक से तोकापाल गया हुआ था। वापसी के दौरान दोपहर लगभग 3 बजे प्यास लगने से वह मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के करीब पामेला बाजार स्थल में रूका और कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। उसी दौरान ईशुलाल मण्डावी 22 वर्ष निवासी कांकेर राजापारा हाल डिमरापाल पामेला बाजार व चन्द्रकला मण्डावी पति ईशुलाल मण्डावी 20 वर्ष निवासी कांकेर राजापारा हाल डिमरापाल पामेला बाजार उसके पास आए और खाना खाने के लिए कुछ पैसा मागने पर उन्हे 50 रुपए पर्स से निकालकर दिया। उसी दौरान आरोपियों ने प्रार्थी के पर्स में रखे अन्य रुपए को देख लिया। इसके ▶▶| शेष पेज 12 पर



प्रशासनिक अनदेखी के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

## राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार व अनियमितता के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता को लेकर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को मांगपत्र सौपा गया।

- कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय बिसाई ने बताया बस्तर जिले के राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनदेखी के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी,राजस्व निरीक्षक स्तर के अधिकारी प्रभावशाली व्यक्तियों के हित में कार्य कर रहे हैं, जबकि आम जनता अपने सामान्य कार्यों के प्रतीक्षा में दर बदर भटक रहे है। युवक कांग्रेस ने गंभीर मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करवाते कहा कि भ्रष्टाचार और अवैध वसूली साइट विजिट के नाम पर 5000, लाल स्याही चलाने (नक्शा सर्टिफाई) के लिए 10,000 समय लग जाता है, उसपर भी विभाग के अधिकारियों की 40-50 हजार रुपए तक अवैध मांग रहती है।शिकायतों के बावजूद, निर्णय केवल धनाढ्य पक्ष के हित में ही दिए जाते हैं। इसी तरह अवैध प्लाटिंग पर राजस्व अमले की निष्क्रियता साफ दिखाई पड़ती है। पूरे बस्तर जिले में अवैध ▶▶| शेष पेज 12 पर



### भू-माफियाओं का बढ़ता प्रभाव

बिसाई के अनुसार जिले में कई ठगी के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। पुराने पट्टों में हेरफेर कर जमीन की कीमत 25-40 प्रतिशत तक बढ़ाई जा रही है। यदि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो, तो हजारों एकड़ सरकारी जमीन भू-माफियाओं से मुक्त कर सरकार को वापस दिलाई जा सकती है।

### युवक कांग्रेस की प्रमुख मांगें

बिसाई ने प्रशासन से मांग करते कहा कि इस पूरे अनियमितता पर उच्च स्तरीय जांच राजस्व विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अवैध प्लाटिंग पर रोक अवैध प्लाटिंग करने वालों और जमीन दलालों(भू माफियाओं) पर ठोस कार्रवाई की जाए।जनता के अधिकारों की रक्षा आम नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया लागू की जाए।

## वृद्धाश्रम में तिलक लगाकर उतारी गई आरती

# मानव सेवा ही ईश्वर सेवा, दाई बबा दिवस पर बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमपुरा स्थित रेडक्रॉस आस्था निकुंज वृद्धा आश्रम सियान वाटिका में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दाई बबा दिवस मनाया गया। वृद्धा आश्रम में निवासरत बुजुर्ग माताओं को तिलक लगाकर व आरती उतार कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही साड़ी व कीट दिया गया।

मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे ने दाई बबा दिवस पर कहा मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। वृद्धजन परिवार के रीढ़ होते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने परिवार में माता-पिता व बुजुर्गों का सम्मान करें। समाज में उन्हें उचित स्थान दें व उनका आदर करें। हर माता-पिता अपने बच्चों से जिस प्रकार प्रेम करते हैं उसी प्रकार हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने माता-पिता व घर में निवासरत बुजुर्गों से स्नेह करें। आज हम युवा हैं लेकिन कभी ना कभी हम भी बुजुर्ग की श्रेणी में आएंगे यह सोचकर हमें बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। हर साल 4 जून को दाई बबा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, पार्षद पूनम सिन्हा, बसंती समरथ, सीएमएचओ डॉक्टर संजय बसाक, डीपीएम डॉक्टर रीना लक्ष्मी, डॉ भवर शर्मा, एनसीडी नोडल डॉ. लक्ष्मी देवी, जिला सलाहकार एनसीडी हनी गाटलिब, शकिल खान, प्रबंधक आस्था निकुंज वृद्धाश्रम अनिल देवांगन, प्रशांत श्रीवास्तव, नरेश मरकाम, डॉ रेखा चौहान , जयंत देशमुख, सुन्दर मरकाम, अलेक्जेंडर चेरियन, एचवाय कुकड़े, विजय पांडे, राम शंकर राव, उमेश पाण्डे आदि उपस्थित रहे।




## हर भारतीय का ध्येय हो स्वदेशी : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने स्वदेशी की धारणा के विषय मे कहा की प्रत्येक भारतीय की अवधारणा और ध्येय स्वदेशी ही होना चाहिए। देशहित में प्रत्येक भारतीयों की भूमिका होनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्पष्ट शब्दों मे स्वदेशी अपनाने का आह्वान भारतवासियों से किया है। उन्होंने बताया माँ दंतेश्वरी की पावन धरा पर स्वदेशी मेला का आयोजन जगदलपुर के लालबाग मैदान मे आयोजित किया जायेगा। शीघ्र ही मेला आयोजन समिति का गठन कर वृहद स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बस्तर में स्वदेशी मेला आयोजन और संगठन विस्तार के उद्देश्य से प्रबंधक सुब्रत चाकी, जीआर जगत, जयेश पंचाल अपने 4 दिवसीय बस्तर प्रवास पर यहां पहुंचे है। जगदलपुर के सर्किट हाउस में महापौर संजय पाण्डे ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा मौजूद रहे।

- संभाग मुख्यालय मे आयोजित होगा स्वदेशी मेला




Quit Plastic
Beat Plastic Pollution
प्रकृति संरक्षण के इस महापर्व पर हम संकल्प लें कि हम न केवल प्रकृति की रक्षा करेंगे, बल्कि प्रकृति से जितना हम लेंगे उसका दुगना हम वापस भी करेंगे। ऐसे प्रयासों से ही प्रकृति समर्थ और दुनिया सुंदर एवं जीने योग्य बनेगी...
विश्व पर्यावरण दिवस
पर आप सभी प्रदेशवासियों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं
जैसे हम सांसारिक वस्तुओं को धारण करने में गर्व महसूस करते हैं, वैसे ही हमें वृक्षों के लिए भी गर्व होना चाहिए। प्रकृति के साथ सामंजस्य बना कर रखना ही धरती पर प्रलयकारी स्थिति से बचने का एकमात्र उपाय है।
मान. केदार कश्यप जी
मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन
छ.ग. शासन
विनीत- एक पर्यावरण प्रेमी, जगदलपुर


आइये हम सब मिलकर प्रकृति का संरक्षण करें, अपने पारिस्थितिकी पदचिह्न को कम करें और एक हरित विश्व का निर्माण करें।
पृथ्वी को हम जो सबसे अच्छा उपहार दे सकते हैं, वह है अधिक से अधिक पेड़ लगाना।
Quit Plastic
Beat Plastic Pollution
KANGER VALLEY NATIONAL PARK
WORLD ENVIRONMENT DAY
JUNE 5
हमारी आने वाली पीढ़ियां देख सकें कि हमें क्या वरदान मिला है। पर्यावरण बचाएं।
आइए, हम सब संकल्प लें कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अपनी भूमिका अवश्य निभाएंगे।
आइए, प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करें...
धरती, नदियां, तालाब ये प्यारे, सब के सब हैं दोस्त हमारे, इन सबको संरक्षित रखना, सबको है सुरक्षित रखना।
वन एवं वन्य प्राणियों को अपने परिवार की तरह स्नेह करें, इनकी रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करें।
विनीत- एक शुभचिंतक, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान
मान. केदार कश्यप जी
मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन
छ.ग. शासन

# सरोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत जर्जर क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रहा समुचित इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जिले के सरोना गांव में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत आज अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

▪ सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी




चारों ओर से जर्जर भवन, गिरते हुए छत और दीवारों में दरारें यह दृश्य किसी भी आम अस्पताल का नहीं बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। जिस पर पूरे गांव की प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था टिकी हुई है।

पूर्व सरपंच सूरज कोराम ने इस मुद्दे को लेकर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस भवन की हालत इतनी खराब है कि मरीजों को न तो इलाज के लिए सुरक्षित जगह मिलती है और न ही स्टाफ को काम करने का सुरक्षित माहौल। बरसात के समय छत से पानी टपकता है, बिजली की व्यवस्था अस्थिर है, और इमारत कभी भी गिर सकती है। सरोना व आसपास के ग्रामों के नागरिकों में विभाग की उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद आज तक न तो भवन की मरम्मत हुई और न ही नए भवन के निर्माण की कोई ठोस पहल शुरू हुई। स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थित मुख्य अस्पताल का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और जीवन दोनों का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्टाफ भी इस खस्ताहाल भवन में अपनी ड्यूटी करने से डरते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि भवन की हालत के चलते उपकरणों की सुरक्षा भी खतरे में रहती है और आपातकालीन स्थिति में इलाज करना भी चुनौती बन जाता है। गांव के लोगों की मांग है कि प्रशासन इस विषय पर तत्काल संज्ञान ले और या तो भवन की मरम्मत कराए या नए भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन करने को विवश होंगे।

# जल संरक्षण व संवर्धन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मोर गाँव, मोर पानी महाअभियान के तहत 2 जून से 5 जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तृतीय दिवस 4 जून को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए कलस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण के लिए चलचित्र व विभिन्न माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जल संरक्षण के लिए जल की महता बताते हुए सभी गांवों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए प्रेरित किया गया एवं बनाए जाने वाले विभिन्न संरचनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकरी जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सुरेन्द्र बंजारे, आशिष सोनकर कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, नंदनी दिवान बीपीएम, लीलाधर नाग क्षेत्रीय समन्वयक, सहभागी समजा सेवी संस्था के मास्टर ट्रेनर नवीन रजक, राकेश साहू एवं संजय रावटे तकनीकी सहायक मनरेगा के द्वारा जल संरक्षण के लिए चलचित्र व विभिन्न माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार बंजारे के द्वारा उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधि, प्रतिभागियों एवं उपस्थित कर्मचारियों को जल संरक्षण के संबंध में ग्राम पंचायतों में जागरुकता रैली, दिवाल लेखन व नारा के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने किया गया।

# भ्रष्टाचार जिस पार्टी की संस्कृति बन गई हो उनको झूठे आरोप लगाना शोभा नहीं देता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



▪ नपा अध्यक्ष कौशिक ने कांग्रेस को घेरा

कांग्रेस पार्टी द्वारा दुधावा तालाब गहरीकरण कार्य में घोटाला करने व उक्त कार्य के लिए टेंडर खुलने से पहले ही कार्य प्रारंभ करने की बात को सिरे से नकारते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि भ्रष्टाचारी व घोटालेबाजों की पार्टी कांग्रेस को भाजपा के विकास कार्यों में भी घोटाला नजर आ रहा है।

कांग्रेस जिस निविदा में घोटाले की बात कर रहे हैं, वो निविदा अभी तक खुली ही नहीं है और तालाब में दूसरे कार्यों के लिए है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि दुधावा तालाब का गहरीकरण कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है। गहरीकरण कार्य में जितनी भी मशीनें लगी है, वह सब जन सहयोग से लगी है, जो इस शहर के विकास के प्रति चिंतित है। गहरीकरण कार्य में सहयोग दे रहे है। दुधावा तालाब का जब गहरीकरण कार्य जन सहयोग से हो रहा है और फिर उसमें निविदा लगाने या घोटाले की बात ही मनगढ़ंत है।

कांग्रेसी जिस निविदा की बात कर रहे है, वो 19 और 13 लाख के टेंडर दुधावा तालाब के सौंदर्यीकरण, विद्युत पोल और तालाब किनारे पौधरोपण के लिए मंगाया गया है। तालाब के गहरीकरण से उक्त टेंडर का कोई संबंध नही है। कांग्रेसी नेता सस्ती लोकप्रियता के लिए बिना जानकारी घोटाले के आरोप लगाकर भाजपा सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। कांग्रेस को शहर के विकास से कोई मतलब नही है। आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकार नगर पालिका की सत्ता में रही है, इन्होंने कितना विकास किया बता दे। उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार के मामले अगर सामने आते है, तो इसकी हम पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कराएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि हमने देखा है कि नगर पालिका में कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वाले पत्रकारों को किस प्रकार से सरेराह थाने के सामने पीटा गया था। भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने पर कांग्रेसी नेता जान से मारने की धमकी देते थे। भ्रष्टाचार जिस पार्टी की संस्कृति, परिपाटी बन गई हो उनको भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाना शोभा नहीं देता।

# खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खेती में तकनीकी विधि एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने की जानकारी, प्राकृतिक खेती से लाभ, रासायनिक उर्वरकों की मात्रा कम कर जैव उर्वरकों को बढ़ावा देना, जैविक कीट नियंत्रण विधि, एकीकृत कृषि प्रणाली से खेती करना एवं कृषि समवर्ती विभागों की संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है।

कांकेर विकासखंड के ग्राम धनेलीकन्हार के बाजार शेड में विकास कृषि संकल्प अभियान का शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसलों की उन्नत किस्म, लघु धान्य फसलों से लाभ, समन्वित कीट व्याधि बीमारियों की रोकथाम, फसल चक्र से लाभ की जानकारी विस्तार पूर्ण से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सीएल ठाकुर द्वारा दी गई। सहायक शिक्षक कृषि महाविद्यालय कांकेर डॉ. अनिल नेताम ने खरीफ फसलों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कृषकों को 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचारित करने की प्रदर्शन विधि बताई। वहीं पंकज तेता ने ड्रोन का प्रदर्शन के बारे में उसके लाभ, दवाइयों का छिड़काव करने की विधि, खेती की लागत में कमी, के बारे में कृषकों को विस्तार से जानकारी दिया।

कृषि अभियांत्रिकीय विभाग के हरि देवांगन द्वारा कृषि में उपयोग होने वाले कृषि यात्रों पर शासकीय अनुदान के संबंध में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग से अंकित गुप्ता द्वारा सब्जियों, फूलों एवं फलों की खेती उद्यानिकी विभाग से संचालित विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा के कर्मचारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार सामग्री कृषकों को वितरण किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना मेश्राम, जनपद सदस्य सरस्वती केमरो, उमेश साहू, सरपंच मधु मंडावी, उपसरपंच वेद कुमार औरसा, कृषि विभाग के सहायक संचालक डीआर कोमरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मयाराम नेताम, कृषि विकास अधिकारी संदीप जैन, राकेश वर्मा, इशू कवाडे, ललित सीदार, वरुण दिवाकर, राधेलाल, बलवीर, आत्मा योजना से सलमान, रमेश साहू, देवेंद्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, किरण यादव, नितेश, जितेंद्री नायक, तिजू लाल, सुमित्रा, फुलेश्वरी उपस्थित रहे।

## दस्तावेज गुमा

वालफोर्ट आर्चिड रायपुर में तृतीय तल स्थित फ्लैट क्रमांक ए 305 खसरा नंबर 281/1 रकबा 20989 व.फु., खसरा नंबर 439/1-2 रकबा 8396 व.फु., खसरा नंबर 248/3 रकबा 29600 व.फु. व शीट नंबर 32 खसरा नबर 436/2, 438/28, 441 प्लाट नंबर 32/2 रकबा 690 वर्गफुट सभी का भाग रकबा 1043 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल व 1410 वर्गफुट सुपर बिल्ड अप, स्थित मौजा पंडरीतराई प.ह.न. 47, पुराना वार्ड 31, शंकर नगर वार्ड नया वार्ड नंबर 30, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित सम्पदा का मूल दस्तावेज सनसिटी जगदलपुर में दिनांक 20.05.2025 को गुम हो गया है काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली जगदलपुर में दर्ज करवाई गई है। जिस की सज्जन को मिले कृपया सूचित करें।

**कुमारी निशा नागवंशी**
**पिता श्री बली नागवंशी**
निवासी 87 सनसिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 39 जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

## न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-बस्तर (छ.ग.)

### उद्घोषणा

राजस्व प्रकरण क्रमांक-110/अ-4/2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्दा जेठवा पिता/पति स्व. बलदेव जेठवा एवं अन्य निवासी पखनागुड़ा पारा जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला पखनागुड़ा पारा सीट क्रं. 122 भूखंड क्रं. 52/15, 53/11, 54/3 क्षेत्रफल 360+210+180 वर्गफीट स्थायी पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का आपत्ति या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 12/06/2025 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आपत्तियों/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2025 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जगदलपुर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

### // उद्घोषणा//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लक्ष्मी साहू पति राकेश साहू निवासी डॉ.अब्दुल कलाम वार्ड तहसील जगदलपुर के द्वारा अपने स्वयं लक्ष्मी साहू पिता बलदेव साहू की जन्म दिनांक 01/06/1976 को होने जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय की पेशी तिथि 17/06/2025 के पूर्व न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की प्रस्तुत आपत्तियों पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा आज दिनांक 03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**जगदलपुर**

## - शपथ पत्र -

मैं रमेश कुमार बिजोलिया (Ramesh Kumar Bijolia) पिता हरी राम बिजोलिया (Hari Ram Bijolia) निवासी मकान नंबर 127, सनसिटी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड लालबाग, जगदलपुर, जिला बस्तर, छ.ग. पिन-494001 आधार नंबर 9159 6973 2666 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि -

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम पर एक वाहन का ड्राईविंग लाईसेंस जारी किया गया है जिसका क्रमांक CG19980003086 जिस पर मेरा नाम रमेश बिजोलिया Ramesh Bijoliya पिता एच.आर. बिजोलिया H.R. Bijoliya तथा पता 127 सनसिटी लालबाग जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. पिन 494001 दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरे नाम पर भारत शासन द्वारा मेरे नाम पर आधार कार्ड जारी किया गया है जिस पर मेरा नाम रमेश कुमार बिजोलिया (Ramesh Kumar Bijolia) पिता हरी राम बिजोलिया (Hari Ram Bijolia) निवासी मकान नंबर 127, सनसिटी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड लालबाग, जगदलपुर, जिला बस्तर, छ.ग. पिन-494001 है।
4. यह कि मैं अपना नाम पिता का नाम तथा पता जो कि मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है उसी को अपने लाईसेंस पर दर्ज कर लाईसेंस का रिनिवल/अपडेट कराना चाहता हूं। मैं कथन करता हूं कि यदि मेरे नाम, पिता के नाम तथा पता से संबंधित किसी भी प्रकार का वाद या विवाद होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरी होगी ।
5. यह कि उक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं ।

**शपथकर्ता**






# शिक्षा नीति के खिलाफ सीपीआई का विरोध प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्कूलों के युक्तियुक्तकरण और शिक्षकों की समायोजन नीति के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने जोरदार विरोध दर्ज कराया है। इस विरोध के तहत पार्टी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शालेय शिक्षा मंत्री सहित राज्य के अन्य संबंधित मंत्रियों को संबोधित एक ज्ञापन कोण्डागांव कलेक्टर को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा 10,443 स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया गया है। जिससे कम विद्यार्थियों वाली स्कूलों को अन्य विद्यालयों में विलय किया जा रहा है। इससे दूरस्थ व आदिवासी क्षेत्रें में स्कूलों के बंद होने की स्थिति बन रही है, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के विपरीत है। इस ज्ञापन का नेतृत्व सीपीआई जिला सचिव तिलक पांडे ने किया, जिनके साथ शैलेष, जयप्रकाश नेताम, विशम्बर मरकाम, मुकेश मंडावी, अनंतराम सेठिया, दिनेश कुमार, अर्जुन नेताम, रामचंद नेताम, सोमारु गावड़े, रामचंद मरकाम, रैमल सलाम, चंदर कोराम, दीपेश कुमार, सुनीत कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्कूलों के युक्तियुक्तकरण और शिक्षकों की समायोजन नीति के विरोध में सौंपा ज्ञापन



### सीपीआई की प्रमुख आपत्तियाँ और मांगें

वर्तमान युक्तियुक्तकरण नीति को तत्काल रद्द किया जाए और 2008 के सेटअप को यथावत रखा जाए। अतिशेष शिक्षकों का समायोजन पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से किया जाए। 15,000 रिक्त शिक्षक पदों पर तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रें में स्कूलों को बंद करने के बजाय, वहां शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। युक्तियुक्तकरण नीति पर शिक्षक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर सर्वसम्मति बनाई जाए। ग्राम पंचायत, शाला प्रबंधन समिति और ग्राम सभा की अनुमति के बिना निजी स्कूलों की अनुमति न दी जाए। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के बच्चों की सरकारी स्कूलों में अनिवार्य नामांकन की व्यवस्था की जाए। सरकारी शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए विद्यालयों के निकट आवासीय भवन बनवाए जाएं।

### सीपीआई ने सरकार को चेताया

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि इन मांगों पर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी को आंदोलनात्मक रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य शासन की होगी।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर किया पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण

**फरसगांव/कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने 3 जून बुधवार को फरसगांव ब्लॉक के ग्राम जैतपुरी और लंजोड़ा स्थित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान शासन द्वारा प्रदाय किए गए 3 माह के चावल वितरण की व्यवस्था का अवलोकन किया और सभी हितग्राहियों को शासन के निर्देशानुसार चावल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हितग्राही को राशन प्राप्त करने में समस्या न आए और शासन के निर्देशानुसार हितग्राहियों को चावल के साथ ही नमक, चना, शक्कर इत्यादि का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर वहां के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि तकनीक के प्रसार के लिए मुर्गीपालन, पशुपालन, मछलीपालन, पोषण वाटिका स्थापना, ड्रिप यूनिट स्थापना, वर्मी कंपोस्टिंग, अजोला उत्पादन इकाई इत्यादि प्रदर्शन इकाइयों की स्थापना के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने इकाई स्थापना के लिए स्थल का निरीक्षण किया और शीघ्र स्थापना के संबंध में निर्देशित किया, ताकि जिले के किसानों तक उन्नत तकनीक पहुंच सके। उन्होंने समय–समय पर होने वाले प्रशिक्षण के दौरान किसानों को शामिल होने का अवसर प्रदान करने के संबंध में भी निर्देशित किया, जिससे किसान कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से उन्नत तकनीक से खेती करके अपने आय बढ़ाने में सफल हो सकें।

### घायल बच्चे की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चंदेली निवासी 9 वर्षीय मोहित शोरी पेड़ से गिर गया। गिरने से उसको गंभीर चोटे आई, जिसके कारण उसका मौत हो गई। सीएचसी चारामा से मिली जानकारी अनुसार मृतक पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## दाई-बाबा दिवस में बुजुर्गों को मिली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं और सम्मान

# कोंडागांव के आरोग्य मंदिरों में मनाया जा रहा दाई-बाबा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- "हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर" थीम पर हुआ आयोजन
- 27 वरिष्ठ नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, बनाए गए आयुष्मान कार्ड और आभा ID

आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने के लिए जिले में लगातार हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सभी को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। इसी तारतम्य में बुधवार को शहर के सभी आरोग्य मंदिरों में बुजुर्गों के सम्मान में दाई–बाबा दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का थीम हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर था। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य संरक्षण था। जिसमें स्वास्थ्य सेवा के साथ भावनात्मक जुड़ाव और पीढ़ियों के बीच संवाद को सशक्त करने पर जोर दिया गया।



### शिविर में 27 बुजुर्गों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

मुख्य कार्यक्रम डीएनके स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोण्डागांव में आयोजित किया गया, जहां नगर पालिका अध्यक्ष नरपती पटेल एवं प्रेमनगर वार्ड के पार्षद असलम की अध्यक्षता में वृद्धाश्रम से आए बुजुर्गों को तिलक और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए रक्तचाप और शुगर जांच, मोतियाबिंद परीक्षण, जोड़ परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य एवं संज्ञानात्मक परीक्षण, वृद्धावस्था पोषण, एवं योगाभ्यास पर मार्गदर्शन जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था, उनके लिए मौके पर आभा आईडी भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में कुल 27 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार, शहरी कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनिल, जिला लेखा प्रबंधक शीतल ताम्रकर, जिला सलाहकार डॉ. विनय जोनाथन ज्वेल एवं जिला डाटा प्रबंधक राहुल लिल्हारे सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण



- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर, गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच और इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने बुधवार को फरसगांव ब्लॉक के ग्राम जैतपुरी और लंजोड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बाह्य रोगी विभाग, औषधि वितरण एवं भण्डारण कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गंभीर गर्भ प्रकरणों में गर्भवतियों को समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए सभी मितानिनों को निर्देशित किया कि वे गर्भ के प्रकरणों में तुरंत पंजीयन करवाएं और निर्धारित समय पर जांच सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं की निगरानी लगातार करें और प्रसव अवधि निकट आने पर गर्भवतियों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाएं, ताकि जच्चा-बच्चा पूरी तरह सुरक्षित रहें। इस दौरान मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# लाईवलीहुड कॉलेज में लगेगा प्लेसमेंट कैम्प 9 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- इस दौरान 170 रिक्त पदों पर होगी भर्ती
- 5वीं से 12वीं पास युवक-युवतियों को मिलेगा निजी क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा मौका

कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोण्डागांव द्वारा 09 जून दिन सोमवार को लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बज तक 170 पदों पर भर्ती करने के लिए 1 दिवसीय प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 डिलिवरी बॉय एवं 10 डिलिवरी गर्ल का नियोजन किया जाएगा। जिसमें 10 से 40 वर्ष के 10वीं उत्तीर्ण युवक–युवती शामिल हो सकते हैं।

नियोजक द्वारा 15 से 20 हजार का वेतन दिया जाएगा। इच्छुक युवक–युवती के पास मोटर साईकल अथवा स्कुटी होना आवश्यक है। इसके साथ ही प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन द्वारा 80 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें 8वीं उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के युवक–युवती शामिल हो सकते हैं। नियोजक द्वारा 10 से 15 हजार रूपए दिया जाएगा। गारमेंट फैक्ट्री कोण्डागांव द्वारा लाइन सुपर वाइजर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। 5500 से 9500 रूपए वेतन के इस पद पर 12 उत्तीर्ण युवतियां शामिल हो सकते हैं। सिलाई ऑपरेटर के 30 पद पर भर्ती की जाएगी। 5000 से 9000 रूपए वेतन के इस पद पर 8वीं उत्तीर्ण युवतियां शामिल हो सकती हैं। अन्य ऑपरेटर के 30 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 5000 से 7500 रूपए के वेतन पर न्यूनतम 5वीं उत्तीर्ण युवतियों की भर्ती की जाएगी।


### अनिवार्य मूल दस्तावेज

इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक युवक–युवतियां अपने समस्त शेक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छांयाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# फरसगांव स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे मशीन सुचारू सेवा फिर से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/कोण्डागांव

जिले के फरसगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे मशीन पूरी तरह दुरूस्त है और वर्तमान में एक्सरे मशीन का संचालन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा फरसगांव के एक्स-रे मशीन खराब होने के संबंध में जानकारी मंगाए जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आंधी-तूफान एवं बारिश की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने सहित कम वोल्टेज एवं लाईट फ्लक्चुएशन के कारण एक्स-रे मशीन संचालन बंद थी। वर्तमान में विद्युत की सुचारू आपूर्ति होने पर अब लोगों को एक्स-रे मशीन की सुविधा प्रदान की जा रही है।



## कोंडागांव में चला हरित स्वच्छता अभियान






**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव का अनूठा प्रयास जनसहयोग से राम मंदिर तालाब में चला हरित स्वच्छता अभियान, स्वच्छता और पर्यावरण सरंक्षण का दिया मजबूत संदेश।

### शराब पीने वाले तीन और कोचिए पर हुई कार्रवाई

**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने 3 जनवरी शाम साढ़े 6 बजे ग्राम गोण्डाहुर के बाजार किनारे आरोपी पीव्ही 36 निवासी 37 वर्षीय नेपाल मिस्त्री, पीव्ही 14 निवासी 27 वर्षीय सनातन मांझी और पीव्ही 27 निवासी 22 वर्षीय विभूति राय सार्वजनिक स्थान पर महुआ शराब का सेवन करते हुए पकड़ा और कार्रवाई की। बांदे पुलिस ने 3 जून सुबह साढ़े 10 बजें आरोपी मरोड़ा निवासी विष्णु नाग के घर छापामार कार्यवाही किया गया। तालाशी के दौरान आरोपी द्वारा घर परछी में रखा 4 लीटर महुआ को जप्त किया गया। शराब कोचिए के खिलाफ पुलिस ने 34 (1) (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

# सियारीनाला से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला मार्ग जर्जर, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत सियारीनाला ग्राम से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाला लोक निर्माण विभाग का मुख्य मार्ग जर्जरता की चरम स्थिति पर पहुँच चुका है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए न केवल एक मुख्य आवागमन मार्ग है, बल्कि उनके दैनिक जीवन, प्रशासनिक संपर्क, चिकित्सा सहायता और शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में यह मार्ग जर्जर हो जाने के चलते इस पर चलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार यह जर्जर मार्ग का रख रखाव लोक निर्माण विभाग के अधीन है, लेकिन वर्षों से मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य नहीं हुआ। इसके चलते जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और सड़क पूरी तरह उखड़गई है। सड़क पर दोपहिया वाहन तक सुरक्षित नहीं निकल पा रहें है। राहगीरों ने बताया कि इस रास्ते से रोजाना कई गांव के हजारों ग्रामीणों का नरहरपुर विकासखंड मुख्यालय के कार्योलयों में जरूरी कार्यों के लिए जाना पड़ता है, परंतु सड़क की यह स्थिति उनके लिए बाधा बन चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें ब्लॉक मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, बैंक, अस्पताल, राशन केंद्र और शासकीय योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार नरहरपुर जाना पड़ता है, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण कई बार उन्हें पैदल चलने को मजबूर होना पड़ता है या कार्य अधूरे रह जाते हैं। जर्जर मार्ग का सबसे अधिक खामियाजा बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ रहा है। कई बार एम्बुलेंस मार्ग में फंस जाती है, जिससे मरीजों को गंभीर जोखिम उठाना पड़ता है। स्कूली बच्चे और कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं भी प्रतिदिन इस खराब मार्ग से गुजरते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और समय दोनों प्रभावित हो रहे हैं।



### जनहित में त्वरित हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से अपील किया है कि सियारीनाला से नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क की मरम्मत को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाए। यदि शीघ्र पहल नहीं किया गया तो आम जनता को संगठित होकर विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस सड़क की मरम्मत की मांग की है, मगर न तो जनप्रतिनिधियों ने और न ही संबंधित अधिकारियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर के पर्यटन ...

को प्लास्टिक मुक्त जनजागरण कार्यक्रम में दशरथ कश्यप किशोर पारख सम्पत झा डॉक्टर प्रदीप पांडे विवेक गुप्ता अप्रतिम झा अविनाश प्रसाद सुनील पांडे हरिवेणु, टोकन शर्मा, शुभम सोनी, मुकेश थनथराते, अमित शर्मा, वैभव दास लक्ष्मी कश्यप सुनीता उमरवैश्य, गायत्री आचार्य, झामीन साहू, गाजिया अंजुम सहित विभिन्न सदस्य शामिल रहे।

### बस स्टैंड में ...

से राहत दिलाएं। अन्यथा कांग्रेस वार्डवासियों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

ये रहे मौजूद : इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश नाग, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, राजेश राय,विक्रम सिंह डांगी, रविशंकर तिवारी, महेश द्विवेदी, सुषमा सुता,पार्षद सूर्यापानी, सुशीला बघेल, शुभम यदु, गौतम पाणिग्राही, लोकेश चौधरी, राकेश मौर, जस्टिन भवानी, ललिता राव, आभाष महंती, एस नीला सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शराब दुकान खोलने की योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करें : पार्षद ने मांगपत्र में जिला प्रशासन और नगर प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते कहा कि इन सभी विषयों को ध्यान में प्रीमियम शराब दुकान खोलने की योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर शहर से बाहर खोलने का कष्ट करें। जिसके लिए हम वार्डवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।आपकी सकारात्मक कार्रवाई की हम अपेक्षा करते हैं।

### कोतवाली थाना के...

सामने पुलिस लाईन परिसर में श्री शंकर मंदिर व पुलिस कर्मचारियों की कॉलोनी, एसबीआई बैंक, तमाम शासकीय कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी बमुश्किल 150 मीटर की दूरी पर ही स्थित है जो कि सर्वविदित भी है। बावजूद स्थानीय प्रशासन को प्रस्तावित स्थल के समीप धार्मिक स्थल की जानकारी होते हुए भी शराब की दुकान संचालित करने का यह फैसला हिन्दू एवं जैन समुदाय की धार्मिक आस्था पर चोट पहुॅचाने का निर्णय प्रतीत होता है। प्रशासन के इस निर्णय से न केवल लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी, अपितु बुजुर्गों, महिलाओं व युवा वर्ग के लिए भी क्षेत्र का सामाजिक वातावरण हारिकारक साबित होगा। ऐसे में रिहायशी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने का निर्णय वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ भी जाता है। पहले भी इस मुद्दे को लेकर कई आंदोलन हो चुके हैं ऐसे में पुनः रिहायशी क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने का निर्णय किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

### कॉलेज जाने दोस्त ....

गया। जहां से गंभीर हालत के कारण उसे फिर मेकाज रेफर किया गया। मेकाज में एमआईसीयू में भर्ती करने के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डिमरापाल मेडिकल ....

बाद जब वह लघुशंका के लिए गया तभी आरोपियों ने उसका पर्स चोरी करके वहा से भाग गये। प्रार्थी के रिपोर्ट आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। जांच के दौरान ईशुलाल मण्डावी व चन्द्रकला मण्डावी को पकड़कर पूछताछ करने पर उन्होने अपना जुर्म कबूल किया एवं चोरी का रकम 5 सौ रुपएव एक पर्स आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका:** दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरिश के अलावा एएसआई अविनाश कुमार झा, आरक्षक गुरमीत दीवान, बंसत डहरे व गोबरू कश्यप की अहम भूमिका रही।

### राजस्व विभाग में...

प्लाटिंग का सिलसिला जारी है, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। ना ही अवैध प्लाटिंग करने वालों पर कोई कार्रवाई होती है, न ही खरीददारों को ठगी से बचाने के लिए चेतावनी दी जाती है।इस दौरान जनपद सदस्य बस्तर व युवा कांग्रेस प्रदेश महासिचव सूरज कश्यप, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव विक्रांत सिंह(बिंकु),पंचायत प्रतिनिधि आसना एवं मिडिया विभाग जिला समन्वयक रोहित पाणिग्राही,प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस साइमा अशरफ,पार्षद शुभम यदु, जिला महासिचव युवा कांग्रेस लव मिश्रा, प्रदेश महासिचव एनएसयूआई मनोहर सेठिया, युवा कांग्रेसी लव पांडेय,युवा नेता अंकित सिंह,एनएसयूआई नेता कर्तव्य आचार्य, खिरेंद्र यादव, निहाल सिंह ठाकुर, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### परिवहन विभाग की वाहनों पर कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर अंधाधुंध गति से वाहन चलाने अथवा वाहनों पर बेतरतीब तरीके से सामान लोडिंग कराने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं इस क्रम में विगत दिवस विभाग द्वारा एक्शन लेते हुए असुरक्षित ढंग से बाहर निकले हुए पाइप और रॉड ले जारी वाहन पर मोटरयान अधिनियम के तहत 20 हजार रुपये का चालान काटा गया। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि रोड सेफ्टी के तहत सड़कों को आम जनों के लिए सुरक्षित बनाने एवं लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने के लिए विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

### इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का उद्घाटन



**दंतेवाड़ा।** आज जिले के निवासियों को बैंकिंग सेवाओं की सुविधा के रूप में एक नई सौगात मिली। जब इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने इस नए बैंक का शुभारंभ किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हुए, जिनमें इंडियन ओवरसीज बैंक के राज्य प्रमुख वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरी शंकर नायक, मुख्य प्रबंधक गतिकृष्ण पाणिग्रहण, मार्केटिंग प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधक बृजेश सिंह गौतम और नव नियुक्त शाखा प्रबंधक मोहन सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### चंदेनार में चावल उत्सव योजना का विधायक ने किया शुभारंभ

# राज्य सरकार ने लोगों को भोजन की चिंता से किया मुक्त : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

शासन की महत्वाकांक्षी योजना ‌‌‌ह्लचावल उत्सवह्न का भव्य शुभारंभ मंगलवार को दंतेवाड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चंदेनार में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत किसानों और अन्य जरूरतमंद परिवारों को आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए तीन महीने का चावल एक साथ उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बार-बार राशन दुकान तक न आना पड़े और वे अपनी खेती किसानी पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें।



विधायक अटामी ने इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिला हितग्राहियों से अपील किया कि वे इस चावल का उपयोग केवल भोजन प्रबंध के लिए ही करते हुए उपलब्ध खाद्यान्न को अन्यत्र विक्रय संबंधित कार्यो में ना करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश के लोगों को सबसे मूलभूत आवश्यकता भोजन की चिंता से मुक्त किया है, ताकि सभी ग्रामीण को अपने जीवन यापन में कोई दिक्कत न हो और वे अपने परिश्रम का पूरा फल प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि आज मेहनत का ही परिणाम है कि गांव-गांव में अब दोपहिया वाहन और आवागमन के साधनों की उपलब्धता बढ़ी है।

इसके साथ ही विधायक ने चंदेनार गांव का दौरा भी किया और घर-घर जाकर बाड़ी योजना के अंतर्गत उगाई जा रही सब्जियों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए भिंडी, लौकी, और अन्य सब्जियों की तारीफ की और जैविक खाद निर्माण के कार्य को सराहा। उन्होंने कहा कि चंदेनार ग्राम पंचायत उनकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है और आने वाले महीनों में चावल के साथ-साथ बागवानी, कृषि और मत्स्य पालन जैसी योजनाओं को भी तेजी से लागू किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चंदेनार के सरपंच, जनपद सदस्य, और खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए लगा विशेष शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कारली में आज नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक दस्तावेजों और योजनाओं की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक खाता खोलना, स्व सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल थीं। शिविर का संचालन नोडल अधिकारी गोवर्धन प्रसाद साहू द्वारा किया गया, जिन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नक्सल पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी दस्तावेज और सुविधाएं प्रदान कराईं। इसके साथ ही साहू ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन की पहल पर हर ब्लॉक स्तर पर हर हफ्ते इस तरह के विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक नक्सल पीड़ित परिवारों को लाभ पहुंचाया जा सके और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने टैबलेट देकर किया सम्मानित, बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला प्रशासन द्वारा जिले के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संबित मिश्रा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में प्रतियोगिता और भी कठिन होगी, ऐसे में छात्रों को अपनी पढ़ाई को लेकर निरंतर मेहनत करनी होगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग करें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें।




इस कार्यक्रम में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बालगा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी, डीईओ लखन लाल धनेलिया तथा शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। उपनिदेशक संदीप बलगा ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित किए गए छात्रों में कक्षा 10वीं की तीन छात्राएं निशा यादव, निशा नेताम और अर्चित नाग एवं कक्षा 12वीं की छात्रा काजल जायसवाल शामिल रहीं। इन छात्राओं ने जिले में सर्वोच्च अंक अर्जित कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया, बल्कि यह भी साबित किया कि बीजापुर की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

### सराहनीय कदम

कलेक्टर ने कहा कि यह बालिकाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है और उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बीजापुर जिले की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगी। यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## खाद्य एवं औषधि विभाग ने मेडिकल दुकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर, जिला-दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार

- सीसीटीवी कैमरा न होने पर मेडिकल दुकान का लाइसेंस निलंबित, अन्य स्टोर को शोकाज नोटिस

औषधि निरीक्षक द्वारा औषधि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा की अनिवार्यता के संबंध में निरीक्षण किया गया जा रहा है। जिसका प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए मेसर्स कर्मा मेडिकल स्टोर, हॉस्पिटल रोड दंतेवाडा को औषधि




अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 की धारा 66(1) के अन्तर्गत आगामी आदेश तक के लिए स्वीकृत औषधि अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है तथा बस स्टैंड कटेकल्याण स्थित अर्पिता फामेर्सी एन्ड जनरल स्टोर को निरीक्षण नहीं होने व सीसीटीवी कैमरा नहीं पाये जाने से फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



**खबर संक्षेप**

### एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक कॉलेज में 11 जून से होगी प्रवेश

**गीदम।** एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश 11 जून से शुरू होंगे। संस्थान में दो स्ट्रीम हैं इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग। सीजीडीटीई रायपुर अधिसूचना के अनुसार पहले दौर की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण 11 जून से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा। सीजीडीटीई के नियम के अनुसार माओवादी क्षेत्र होने के कारण छात्र 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। जबकि दूसरे वर्ष या लेटरल एंट्री प्रवेश के लिए छात्र को गणित स्ट्रीम में 12वीं पास होना चाहिए या आईटीआई पूरा करना होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि संस्थान प्लेसमेंट, खेलकूद, आईआईसी, एनपीटीईएल आदि के मामले में न केवल बस्तर क्षेत्र में बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में भी शीर्ष स्थान पर है। इस परिप्रेक्ष्य में देखते हुए कोई भी छात्र संस्थान में शामिल होकर अपने भविष्य को सही दिशा में आकार दे सकता है।

## माहेश्वरी समाज ने अपनी उत्पत्ति के 5158 वे वर्ष पर किया आयोजन

# महेश नवमी पर शिखर पर लहराया महेश ध्वज



वंशोत्पत्ति दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा में महाकाल अघोरी झांकी देखने उमड़े श्रद्धालु

**प्रतिभा का सम्मान**



मंच से समाज श्री, समाज शिरोमणि एवं युवा रत्न सम्मान के साथ समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाटापारा से आए रामरतन मूंधड़ा, अभनपुर की लक्ष्मीदेवी राठी एवं धमतरी के प्रतीक भट्टड़ का स्वागत समाजजनों ने किया। समाज के सदस्यों के लिए थायरोकेयर के सहयोग से फुल बॉडी चेकअप कैंप का आयोजन किया गया था। साथ ही आनंद समारोह के तहत गौशाला में गौ सेवा, छप्पन भोग, वृक्षारोपण, मरीजों को फल वितरण एवं भिक्षुक भोग जैसे पुनीत कार्य भी संपादित किए गए। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष चंद्रेश चांडक, सचिव नथमल पानपालिया, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष नीतू तापड़िया, सचिव खुशबू चांडक, माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश राठी, सचिव गोपाला चांडक, प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक, सहसचिव अनिल केला एवं शहर व जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे। महेश नवमी के संयोजक गोविंद ईनाणी एवं प्रवीण गांधी आयोजन की व्यवस्था संभाले हुए थे।





**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

बुधवार को श्री महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा जगदलपुर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए गए। माहेश्वरी बंधु उत्साह, श्रद्धा और समर्पण भाव से इस आयोजन में शरिक हुए। माहेश्वरी भवन में समाज सदस्यों ने महेश ध्वज फहराया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए यह पर्व समाज के लिए अत्यंत विशेष और गौरवपूर्ण होता है, यह 5158 वाँ वर्ष है। देर शाम हनुमान मंदिर से माहेश्वरी भवन तक शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने नृत्य और गायन के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। भगवान महेश की आकर्षक झांकी के साथ अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल थीं।

महेश नवमी के अवसर पर बुधवार सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद पूरे प्रदेश में एक साथ प्रातः 10 बजे समाज भवन में महेश ध्वज फहराया गया। पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम शुरू हुए जिसमें सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, पूर्व विधायक संतोष बाफना, चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी एवं समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने समाज में माहेश्वरी बंधुओं के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज की व्यापार, संस्कृति और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका रही है।

# 10वीं में एवन और 12वीं में रूपेश ने टॉप कर समाज का बढ़ाया गौरव, हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

अखिल भारतीय हल्बी आदिवासी समाज ब्लाक बस्तर एवं अखिल भारतीय हल्बा हल्बी प्रतिभा सम्मान समिति जगदलपुर द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह ब्लाक बस्तर के ग्राम बलेंगा के सामाजिक प्रेरणा भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सियाराम चनाप अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बी आदिवासी समाज जिला बस्तर एवं बसंत गावों अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लाक बस्तर डी. टी. आर. राजे अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला बस्तर जी. एस. ठाकुर , अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज प्रतिभा सम्मान समिति जगदलपुर और मुख्यअतिथि भानुप्रताप सिंह चुरेन्द्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर रहे । कार्यक्रम के विशेष अतिथि चतुर्भुज पिस्दा न्याय समिति सदस्य केंद्रीय महासभा के. आर.रात्रे सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जगदलपुर डी.डी.सिंग, एम. डी. मसियाजी हरिशचंद्र लेकाल , अगरचन्द्र चुरेन्द्र योगेश कुमार साहनी , हरीश चन्द्रकार कैलास राकटे, रामेश्वर राणा , दामुलाल बाकड़े , त्रिलोकी प्रभुलिया , डिलेश्वर कोकोडिया दयाराम प्रभुलिया रहे । सभी अतिथियों का स्वागत पागा एवं चावल टिका लगाकर किया गया । प्रतिभावान छात्र छात्राओं का स्वागत समिति के सदस्य छेदीलाल बघेल मदन ठाकुर विक्रमसिंह कुदराम महेश्वर मर्रा द्वारा किया गया । प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मोमेटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं में रुपेश रावटे कु. किती भोवर धवल काशी कु. भावना सिंह ठाकुर क्रिश कुमार पौसार्य नोमेश कुमार करचाल कक्षा 10 वीं में एवन भंडारी अंकित भुआर्य चित्रांश भोयर कु. जागृति भलेंद्र तालध्वज मांझी यतिन्द्र कुमार नाग झविंद्र राणा अभय म्यारे नितिन जिराम पीयूष भोयर गोपंशु गरि कु.रीता नाग कुणाल देहारी लिलेश्वर खड़हा वासुदेव चिराम मयंक नाग एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक तथा सामाजिक कार्यकताअरं को सम्मानित किया गया । जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में पुरुषोत्तम तारम प्रधान अध्यापक गिरिवर रावटे व्याख्याता नरेश कुमार भलेंद्र व्याख्याता डॉ रीना लक्ष्मी लेडिया तीजूराम ठाकुर ज्योति बघेल प्रियंका पौसार्य सुकचंद बघेल किशन कुमार भोयर मोहिता बेलसरिया भुनेश कुमार पटेल भुनेश कुमार पटेल चैतराम भुआर्य लेखन भोयर को सम्मानित किया गया। रूपेश रावटे को कक्षा 12 वीं में 94% अंक अर्जित करने पर समाज का गौरव चुना गया और स्मृति चिन्ह भेट किया गया । कक्षा 10 वीं में एवन भंडारी 87% को मैडल एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विक्रमसिंह कुदराम द्वारा किया गया।



### चुनौती का सामना शिक्षा से करते है

डॉ टी. आर.रावे ने कहा यह सम्मान उन बच्चों को सिखने का अवसर है जिनको बोर्ड परीक्षा में जाना है व बेहत्तर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय क्षेत्र व राज्य अपने समाज का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ पढाई करें। उन्होंने कहा की विभिन्न चुनौती का सामना हम शिक्षा से कर सकते है इस लिए जीवन में शिक्षा सर्वोपरी है ।

### समाज में प्रतिभावान छात्र छात्राओं की कमी नहीं

हरिचंद्र लेकाल ने कहा की हमारे समाज में प्रतिभावान छात्र छात्राओं की कमी नहीं है हमारे प्रतिभावान बच्चे कोरापुट में संध्या समरथ डिप्टीकलेक्टर कुमारी पार्वती कोकड़े डाक्टर है, धरमपुरा पुस्तकालय खुला है जिसमे बच्चे उसका लाभ लेकर अखिल भारतीय सेवा, राज्य सेवा में जा सकते हैं।

### एकता ऐसी शक्ति है जिससे बड़ा काम आसानी से होता है

अगरचन्द्र चुरेन्द्र ने कहा सामाजिक एकता हमें बनाकर रखनी होगी, क्योंकि एकता ऐसी शक्ति है जिससे बड़े बड़े से बड़े काम आसानी से किया जा सकता है । इसका उदाहरण विश्रामपुरी केशकाल में एकता के बल से 350 के आबादी गाँव में अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज के जननायक वीर शिरोमणि गेंदसिंह नायक का कांस्य की प्रतिमा का निर्माण किया जारहा है।

### सामाजिक एकता को बनाये रखने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण

सुश्री रीना लक्ष्मी लेडिया ने कैरियर मार्गदर्शन के रूप में कहा की हल्बी बोली पर भी कैरियर बनाने के रास्ते है । चतुर्भुज पिस्दा न्याय समिति सदस्य 36 गढ़ महासभा ने भी सामाजिक समरसता एवं एकता को बनाये रखने के लिए कहा शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका होती है । इसलिए इस प्रकार का मंच बच्चों को देते रहना चाहिए । जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति व मेहनत करने की ललक पैदा हो सके।

### अपने स्वधर्म को ठीक से पहचानिए

एम.डी मासिया ने कैरियर गाईडलाइन के विषय में कहा की पहले अपने स्वधर्म को ठीक से पहचानिए आप जीवन से क्या चाहते है ठीक से पहचानिए, अगर आप चाहते है पैसा कमाना तो सबसे अच्छा है अपना उद्यमअपना स्टार्टअप, अपना काम करे । अगर आप चाहते है पावर, में कुछ करू जो दुनिया को दिखे तो सिविल सर्वेंट बनिए जज बनिए, राजनीती में आइये ।

### परीक्षा भविष्य को निखारती है

मुख्य अतिथि ने कहा की प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम बच्चों का हौसला अफजाई में मिल का पत्थर साबित होगा। बच्चे के भविष्य की नींव जितनी मजबूत होगी उतनी बड़े हमारे समाज व देश मजबूत होगी । परीक्षा भविष्य को निखारने व आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

## एयरपोर्ट में घंटों इंतजार के बाद भी गृहमंत्री से नहीं हो सकी भेंट



**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

- जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारियों से विनती के बाद भी मुलाकात का नहीं मिला समय

बस्तर मुक्ति मोर्चा तथा जनता कांग्रेस छग जे के प्रमुख नवनीत चांद बस्तर के जनहित से जुड़े प्रमुख समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा से भेंट करने के लिए एयरपोर्ट में घंटो इंतजार करते रहे। इस दौरान जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारियों से भी समय दिलाने के लिए विनती करते रहे लेकिन समय नही मिल पाया। उन्होंने उनके नाम का ज्ञापन और पुष्प गुच्छ को एयरपोर्ट के बाहर छोड़कर दुखी मन से लौट गए । सुरक्षा अधिकारियों से भी उन्होंने निवेदन किया कि भले ही हमें जाने ना दें पर हमारे संदेश और ज्ञापन को गृहमंत्री तक पहुंचा दे परंतु सभी ने इस निवेदन को अस्वीकार करते हुए अधिकृत ना होने का हवाला दिया । नवनीत ने जारी बयान में कहा कि बस्तर के विपक्ष के नेताओं के सामने प्रशासन ने कोई विकल्प ही नहीं छोड़ा आप एक सरल व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं जिनसे मिलना और मन की बात कहना आसान है। पर आज यह बहुत कठिन लगा बात बस्तर के रोड मैप की थी। इसलिए विपक्ष ने सत्ता से टकराहट का रास्ता छोड़ चर्चा ही चाहता था।

# वन कर्मचारी संघ के 3 जिले अध्यक्ष का हुआ निर्वाचन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**



बस्तर संभाग के 3 जिलों बस्तर, सुकमा और बीजापुर में वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचन हुआ। इसमें बस्तर जिला से समस्त वन कर्मचारी साथियों ने एकता का परिचय देते हुए एकमत से एक नाम दामूधर सेठिया का नाम प्रस्तावित किया, जिसमें सभी ने सर्वसहमति देते हुए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उसी तरह सुकमा से भी समस्त कर्मचारियों ने अपने सर्वसहमति से दिलीप मंडावी को निर्विरोध जिला अध्यक्ष सुकमा हेतु सहमति प्रदान किए। जिला बीजापुर में भी पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मांझी को पुनः जिला अध्यक्ष हेतु निर्विरोध निर्वाचित कर संगठन एवं अध्यक्ष के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। संघ के संभागीय अध्यक्ष अमित कुमार झा ने सभी निर्वाचित जिला अध्यक्षों को कर्मचारी हित में कार्य करने का आव्हान किया। बस्तर जिला के निर्वाचन कार्य को निर्वाचन अधिकारी मनीष कुशवाहा एवं मो. रिजवान रिजवी द्वारा सम्पन्न कराया गया। बस्तर के निर्वाचन में मुख्य रूप से को सलीम प्रांतीय महामंत्री, संभागीय सचिव धर्मेंद्र सिंह एवं सभी बस्तर के वन कर्मचारी शामिल रहे।

## ग्राम पंचायतों को मिला प्रशिक्षण



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा में मोर गांव मोर पानी महाअभियान एवं संगम अभियान अंतर्गत कलस्टर मटनार-आंजर के ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जनमनरेगा ऐप के बारे में बताया गया एवं रजिस्ट्रेशन करवाया गया. जिसमे सरपंच , सचिव , ग्राम रोजगार सहायक, मनरेगा मेट और सीएलफ के सदस्य उपस्थित थे।

# टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**



बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी नानगुर डॉ. जेएल दरियो आयोजित हो रहे टीकाकरण सत्र पामेला और परपा का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ सेक्टर सुपरवाइजर प्रशांत श्रीवास्तव भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं और शिशुवती माताओं से बात कर उन्हें दी जाने वाले टीका की जानकारी लेते हुए समय पर सभी टीका लगाने की समझाइश दी। जीवना चो दुय ठन धन, नंगत देह आउर नंगत मन के थीम पर मनाने के निर्देश दिए टीकाकरण सत्र परपा डेंगपारा मे सीएचओ असीम, एएनएम श्रीमती रमसीला मरकाम, श्रीमती सुशीला तिवारी, अंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लछनी कश्यप, मितानिन श्रीमती कोयली श्रीमती सुमित्रा के अलावा लाभार्थी शामिल रहे।

## शराब नीति के विरोध में तत्कालीन कदम उठाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**



युवा कांग्रेस नेता आदित्य सिंह बिसेन ने कहा छत्तीसगढ़ में बढ़ती शराब की दुकानों और नए लाइसेंस नियमों के विरोध में हम छात्र एवं युवाओं के प्रतिनिधि के रूप में अपनी आवाज उठा रहे हैं,हमारी सरकार से मांग है कि वह तत्काल प्रभाव से इन नीतियों की समीक्षा करे और राज्य की जनता एवं समाज हित में निर्णय ले। विभिन्न बिंदुओं पर हम सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

नए शराब दुकान की स्थापना नए शराब दुकानों की स्थापना से समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है, खासकर युवाओं और छात्र वर्ग पर। इससे अपराध और सामाजिक समस्याएं बढ़ सकती हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हमारी मांग है कि नए शराब दुकानों के प्रस्ताव को निरस्त किया जाए।

ओवर रेटिंग शराब दुकानों में उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूला जा रहा है प्रति व्यक्ति 20 से 50 रुपए तक अधिक दर वसूला जा रहा है, जिससे जनता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि सरकार इस पर सख्त नियंत्रण रखे और उचित मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करे। साथ ही, ऐसे करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।




# विधायक ने किया ट्यूबलर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल**



बुधवार को विधायक चैतराम अटामी के किरंदुल नगर आगमन पर आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। वार्ड क्रमांक 8 के मेन मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने विधायक को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने जिला न्यास निधि के तहत लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित ट्यूबलर स्ट्रीट लाइट कार्य का लोकार्पण किया। यह कार्य वार्ड क्रमांक 8 मेन मार्केट और वार्ड क्रमांक 18 मिश्रा कैंप में पूर्ण किया गया है, जिससे क्षेत्र में बेहतर रोशनी और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह के द्वारा विधायक से अनुरोध किया गया कि एनएमडीसी एल 1 और एल 2 भर्ती के लिए किरंदुल और बचेली में कोचिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय युवाओं को इसका पूर्ण लाभ मिल सके और वे इन भर्तियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर रूबी शैलेन्द्र सिंह अध्यक्ष, बीजेपी जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सत्यजित सिंह चौहान, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, समस्त पार्षद गण, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, बबलू सिद्दीकी, विक्रम नाहक, शालिनी कर्मा, प्रीति दुदी, अतुल सिंह, सुनील गुप्ता, सदानंद साहू, बनमाली हरिजनजी, सरस्वती डहरिया, बी.उद्देश्य, आर.सी. नाहक, जितेंद्र गुप्ता, बबीता गिरी, शैलेन्द्र सिंह, भावना सक्सेना, मीना मांडवी, तपन दास एवं नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी तथा समस्त जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। यह आयोजन क्षेत्र के विकास और स्थानीय समुदाय के उत्थान के प्रति विधायक और प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।